Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Dhar district in Madhya Pradesh as a Tourist place-laid.

श्री छतर सिंह दरबार (धार): मध्य प्रदेश में 11 राष्ट्रीय उद्यान तथा 24 अभ्यारण्य हैं । राज्य के नए क्षेत्रों में पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार वन्य प्राणी संरक्षण क्षेत्रों के विकास हेतु सराहनीय कार्य कर रही है । इसके परिणामस्वरूप ग्रामीणों को उनकी आजीविका के साधन भी उपलब्ध हो रहे हैं । धार संसदीय क्षेत्र के पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रचुर संभावनाएं विद्यमान हैं । इस क्षेत्र में सघन वनों के होने के कारण वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु भी दीर्घकालीन इंतजाम किए जा सकते हैं । ऐसे में सरकार से मेरा आग्रह है कि मध्य प्रदेश में धार जिले के पर्यटन हेतु विकसित करने के लिए यहां ऐतिहासिक तथा पौराणिक क्षेत्रों के विकास हेतु तत्काल ठोस कदम उठाएं ।